# कार्यालय नगर परिषद, मसौढ़ी (पटना)।

पत्रांक– 111 दिनांक– 24.01.2026

## आम–सूचना

नगर परिषद, मसौढ़ी के सशक्त स्थाई समिति की दिनांक–22.01.2026 को आहूत बैठक के प्रस्ताव संख्या–04 (IV) के आलोक में नगर परिषद, मसौढ़ी के ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन कार्य के अंतर्गत ठोस अपशिष्ठ के स्त्रोत स्तर पर पृथ्यकरण (Segregation of Solid Waste at Source) के बेहतर प्रबंधन हेतु सभी वार्डों में प्रारंभिक रूप से जन सूचना एवं शिक्षा प्रसार के साथ सफाई कर्मियों का क्षमताबर्धन, स्वच्छता साथी का आवश्यक मार्ग दर्शन, Compost Pit तथा MRF के संचालन में तकनीकी सहयोग, एवं स्वच्छ सर्वेक्षण, ODF++ एवं GFC Rating में बेहतर प्रर्दशन हेतु परामर्शी के रूप में संस्थान/कम्पनी/फर्म का चयन किया जाना है। यह चयन पॉच माह की अवधि के लिए किया जाना है। इस संबंध में अनुभव प्राप्त एवं इस क्षेत्र से जुड़े संस्थान/कम्पनी/फर्म अपने प्रस्ताव दिनांक–03.02.2026 को 04:00 बजे अपराहन् तक कार्यालय नगर परिषद, मसौढ़ी में दे सकते है।

**प्रस्ताव के दो हिस्से होगे,**

**<u>प्रथम भाग (तकनीकी प्रस्ताव)</u> :–**

1. संस्थान के विषय में संक्षिप्त परिचय (1 से 2 पृष्ठ में)
2. संस्थान के प्रशासनिक संरचना (1 पृष्ठ में)
3. प्रस्तावित कार्य के संबंध में अपनी कार्य योजना (5 से 10 पृष्ठ में),
4. पूर्व में इस प्रकार के कार्य का अनुभव (कार्यादेश/MOU/आदेश आदि दस्तावेज)
5. CST पंजीकरण,
6. PAN Card
7. तीन वर्ष का वित्तीय लेन–देन का सी0ए0 से Audit Report की छायाप्रति
8. Net Revenue Negative नहीं होने की घोषणा
9. सरकारी संस्थान द्वारा Black List नहीं होने का शपथ पत्र/स्व धोषणा पत्र

**<u>द्वितीय भाग (वित्तीय प्रस्ताव)</u> :–** कार्य के संबंध में पॉच माह की अवधि तक उक्त कार्य के लिए वित्तीय प्रस्ताव रूपये में देना होगा।

इच्छुक संस्थान/कम्पनी/फर्म इन दोनों भाग के लिए दो अलग–अलग प्रस्तावों को दो अलग–अलग सील बंद लिफाफे में दिनांक 03.02.2026 को 4:00 बजे अपराहन् तक कार्यालय में दे सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त प्रस्ताव मान्य नहीं होगें।

वित्तीय प्रस्ताव की अधिकतम सीमा 5 लाख निर्धारित की जाती है।

24.01.26

नगर कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, मसौढ़ी (पटना)।